## आयकर विभाग

प्रस्तुत करता है

# मधुकर

## से समझिए आयकर अधिनियम, 2025






MADHUकर शब्द "Madhu" (शहद) और "कर" (टैक्स)
यह शब्दों का एक सोच-समझकर किया गया मेल है। यह इस बात का प्रतीक है कि जैसे शहद मधुमक्खी के छत्ते को सजीव और मजबूत बनाए रखता है, उसी तरह कर (टैक्स) देश के निर्माण और उसे आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मधुमक्खी यानी MADHUकर मेहनत, सामूहिक भावना और सटीकता का एक मजबूत प्रतीक है। ये वही गुण हैं जो आयकर विभाग के आदर्शों से भी मेल खाते हैं। मधुमक्खियां अपना काम बहुत व्यवस्थित, मिल जुलकर और एक सुनिश्चित उद्देश्य के साथ करती हैं। ठीक इसी तरह आयकर विभाग भी लोगों को बेहतर, तकनीक आधारित सेवाएं देने और पारदर्शी प्रक्रियाओं के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# आयकर अधिनियम, 2025
## मधुकर से समझिए




तभी मधुकर आता है
बच्चे आश्चर्य से मधुकर को देख रहे हैं
आप सभी को नमस्कार, मैं हूँ मधुकर।
संसद में एक नया, सरल और समझने में आसान आयकर अधिनियम, 2025 पारित किया गया है। यह 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा।
और मैं यहाँ नया आयकर अधिनियम, 2025 समझाने आया हूँ।
Income Tax Act, 2025


पहले, कई प्रासंगिक प्रावधान अलग-अलग अध्यायों में फैले हुए थे। उन्हें खोजना और समझना कठिन था।
अब, नए आयकर अधिनियम 2025 में संबंधित प्रावधानों को एक अध्याय में एक साथ रखा गया है।
उदाहरण के लिए, वेतन के सभी प्रावधान एक अध्याय में हैं।
और एनपीओ से संबंधित सभी प्रावधान भी एक अध्याय में हैं।
Income Tax Act, 2025
बच्चों, कल्पना करें कि परीक्षा के एक विषय को पाँच अलग-अलग किताबों से पढ़ना।
बहुत भ्रमित करने वाला, है ना?
गणित 1
गणित 2
गणित 3
गणित 4
सरलीकृत गणित
Income Tax Act, 2025
अब एक नई, आसान किताब की कल्पना करें-उस विषय के बारे में सब कुछ एक ही अध्याय में!
दूसरा विकल्प तो बहुत अच्छा है!


पहले, कर प्रावधान लंबे पैराग्राफों में लिखे जाते थे।
उन्हें पढ़ना और याद रखना कठिन था।
Income Tax Act, 2025
बच्चों, अपने स्कूल के टाइम टेबल की कल्पना करें। यदि आपके शिक्षक टाइम टेबल को एक लंबी कहानी में लिखते हैं, तो यह भ्रमित करने वाला होता है। लेकिन जब इसे एक तालिका में दिखाया जाता है, तो आप इसे जल्दी समझ जाते हैं।
TIME TABLE OF 5th A
BREAK
(C) the amount "N", being the amount of general or multipurpose borrowings of the undertaking, as computed below, in cases other than those referred to in item (A) or (B),—
N = K x (L/M)
Table
Sl. No. | Assessee | Total income and rate of tax | Conditions
A | B | C | D
1. | A domestic company engaged in business of manufacture or production of any article or thing. | (a) 15% on the total income other than the income mentioned in clauses (b), (c) and (d); (b) 22% (without any deduction or allowance in respect of any expenditure or allowance) on such income,— (i) which has neither been derived from nor is incidental to manufacturing or production of an article or thing; and | Such domestic company— (a) exercises the option in the manner provided in sub-section (2); (b) has been set-up and registered on or after the 1st October, 2019; (c) has commenced manufacturing or production of an article or thing on or before the 31st March, 2024;
नया आयकर अधिनियम, 2025 तालिकाओं और सूत्रों का उपयोग करता है। इसलिए प्रावधान पढ़ने और समझने में भी आसान लगते हैं।
हाँ! टेबल तो सचमुच आसान लगती है।
इससे समय बचता है।


पहले, कानून में बहुत कठिन कानूनी शब्दों का उपयोग किया जाता था। कई लोग उन्हें समझ नहीं पाते थे।
Assessment Year
Previous Year
Trust / Institutions
Not withstanding
नया आयकर अधिनियम, 2025, सरल और आधुनिक भाषा का उपयोग करता है। यह वैसे ही बात करता है जैसे हम हर दिन बात करते हैं।
Tax Year
Irrespective of
Registered non-profit organisation
Income Tax Act, 2025
ताकि हर कोई इसे समझ सके!
यह कानून को आसान बनाता है।


पहले, दो वर्ष होते थे।
पिछला वर्ष: जब आप पैसा कमाते हैं और
निर्धारण वर्ष: इसका निर्धारण करने के लिए अगले
12 महीने (1 अप्रैल से 31 मार्च)।
Income Tax Act, 2025
Previous Year
Assessment Year
वह भ्रमित करने वाला था - जैसे दो समाप्ति रेखाओं की ओर एक साथ दौड़ लगाना!
लेकिन अब, नए अधिनियम में, केवल एक ही वर्ष है- जिसे 'कर वर्ष' कहा जाता है।
Tax Year
FINISH
यह तो आसान है।



बच्चों, कल्पना करें कि आप एक ऐसे क्लासरूम में प्रवेश कर रहे हैं जहाँ हर जगह बेंच बिखरी हुई हैं। किताबें यहाँ-वहाँ पड़ी हैं, और कुछ भी अपनी जगह पर नहीं है। अब एक दूसरी कक्षा की कल्पना करें- जहाँ भी बेंच साफ़-सुथरी व्यवस्थित हैं, किताबें ठीक से रखी हुई हैं, और सब कुछ ढूँढना आसान है।
2+2=4
इसी तरह का बदलाव यहाँ हुआ है। कानून की संरचना अब सरल है और इसे समझना व उपयोग करना आसान है।
इसलिए अब संरचना बदल गई है।
Income Tax Act, 2025
हाँ। केवल संरचना ही बदली है।


पहले इस कानून में बहुत सारी शर्तें थीं। इन्हें प्रावधान और स्पष्टीकरण कहा जाता था।इनमें से कुछ प्रावधान अनावश्यक हो चुके थे और कुछ पुराने टेलीफोन में उलझी हुई तारों की तरह जटिल।
अब सभी प्रावधान और व्याख्याएं मुख्य भाग के अंदर ही साफ-साफ रख दिए गए हैं। जो प्रावधान बार-बार आते थे या अनावश्यक थे, उन्हें हटा दिया गया है।
यह नया कानून अब एक आधुनिक मोबाइल फोन जैसा है। उपयोग करने में आसान, वो भी बिना तारों के झंझट के।
वाह! अब तो यह छोटा और आसान हो गया।
अब कोई उलझन नहीं!



अंकल मधुकर! अगर टैक्स का कानून समझने में आसान हो... तो क्या इससे हमारा देश आगे बढ़ेगा?
Income Tax Act, 2025
आसान कानून का मतलब है नियमों का बेहतर पालन।
बेहतर पालन का मतलब है ज्यादा भरोसा।
Income Tax Act, 2025
और नागरिकों और सरकार के बीच भरोसा ही 'विकसित भारत' की नींव है।
इसलिए सरल टैक्स कानून एक मजबूत भारत बनाने में मदद करता है!
हाँ!
सरल कानून
आसान पालन
आत्मविश्वासी करदाता
यही है विकसित भारत की राह...
Income Tax Act, 2025
समाप्त


सरल कानून, सशक्त भारत
Income Tax Act, 2025
INCOME TAX DEPARTMENT
हर करदाता राष्ट्र निर्माण में भागीदार है